# निदेशकों का परिचय



## श्री संजीव कुमार गुप्ता (डीआईएनः 03464342)

### अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सह निदेशक (तकनीकी)

कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (1 जून, 2020 से अतिरिक्त प्रभार) श्री संजीव कुमार गुप्ता 16 अक्टूबर, 2015 से आरईसी के बोर्ड में निदेशक (तकनीकी) हैं। आप जी.बी. पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर, उत्तराखंड से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। आपके पास केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी में काम करने का व्यापक अनुभव है। आपके पास भारतीय विद्युत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय परामर्शी कार्यों, सरकारी कार्यक्रमों की निगरानी और विद्युत परियोजनाओं के वित्पोषण इत्यादि सहित बड़ी पारेषण परियोजनाओं के नियोजन, डिजाइन, निर्माण, प्रचालन एवं रख–रखाव, प्रापण और संविदा, गुणवत्ता आश्वासन, परियोजना प्रबंधन जैसे विविध कार्यों का 38 वर्षों का अनुभव है। आप, भारत की प्रथम 765 केवी एसी और ±800 केवी एचवीडीसी पारेषण लाइन के लिए तकनीकी विनिर्देशन तैयार करने के लिए जिम्मेदार कोर टीम के सदस्य थे और नई प्रौद्योगिकियों को लाने, आरओडब्ल्यू ऑप्टिमाइजेशन, पारेषण लाइनों को अपग्रेड करने तथा भारतीय पारेषण ग्रिड के विशेष कंडक्टर में सहयोगी रहे हैं।

आप, इस समय, विद्युत और इंफ्रा परियोजनाओं के मूल्यांकन और वित्तपोषण, कारोबारी विकास, अपने मिशन, लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए कंपनी के विविधीकरण और समग्र प्रभावी कार्यकरण सहित सभी तकनीकी कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं। आप, भारत सरकार के डीडीयूजीजेवाई और सौभाग्य कार्यक्रमों के तहत ग्रामीण और आवास विद्युतीकरण के सफल कार्यान्वयन की निगरानी करने में सहायक रहे हैं। आप, आरईसी की दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों अर्थात आरईसी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड और आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के बोर्ड में पदेन अध्यक्ष भी हैं और इन कंपनियों में पहले भी मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं।

आप, आरईसी में 16 मार्च, 2010 से वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर कार्य करते रहे हैं और आपने पहले यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड, तीस्ता वैली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड आदि कई कंपनियों के बोर्ड में नामिती निदेशक के रूप में कार्य किया है।

दिनांक 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, श्री संजीव कुमार गुप्ता के पास कंपनी में "शून्य" इक्विटी शेयर थे और आपका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक नहीं है।

## श्री अजय चौधरी (डीआईएनः 06629871)

### निदेशक (वित्त)



श्री अजय चौधरी 1 जून, 2020 से आरईसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) हैं। आप, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट ऑफ इंडिया के एसोशिएट सदस्य हैं। आपके पास भारतीय विद्युत क्षेत्र में अनेक कार्यों जैसे अंतर्राष्ट्रीय वित्त, संविदा प्रबंधन, ऋण और वसूली, कारपोरेट अकाउंट्स संसाधन जुटाने और ट्रेजरी आदि में 31 वर्ष से अधिक का अनुभव है। आप, 16 अप्रैल, 2007 से आरईसी में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर कार्य कर रहे हैं और विभिन्न प्रणालीगत सुधारों के कार्यान्वयन में सहायक रहे हैं, जिनमें ऋण वसूली दिशा–निर्देश तैयार करना, ग्राहकों के साथ संप्रेषण और सेवाओं में सुधार लाना, तथा आरईसी में समग्र संसाधनों और संधियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना शामिल है। आप भारतीय विद्युत क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनियों के सुधार के उद्देश्य से भारत सरकार के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम, "उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना" (उदय) का कार्यान्वयन करने के लिए बनाई गई कोर टीम के सदस्य भी रहे हैं। आरईसी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले आपने 19 वर्षों तक पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनएचपीसी लिमिटेड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

निदेशक (वित्त) के रूप में आप संगठन में संगठनात्मक और वित्तीय नियोजन, वित्तीय नीति बनाने, वित्तीय लेखांकन, प्रबंधन नियंत्रण, नकदी और निधि प्रबंधन, कर नियोजन, संसाधनों को जुटाने और प्रबंधन करने, वित्तीय संस्थानों और पूंजीगत बाजारों के भागीदारों के साथ संपर्क करने सहित वित्तीय प्रबंधन और प्रचालनों के संबंध में मार्गदर्शन एवं परामर्श देते हैं। आप ट्रेजरी के कार्यों, ऋण प्रचालनों का भी पर्यवेक्षण करते हैं और कारपोरेट जोखिम प्रबंधन के मामलों में परामर्श देते हैं।

आप, आरईसी की दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों अर्थात आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में 25 मार्च, 2019 से और आरईसी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड में 12 जून, 2020 से बोर्ड के नामिती निदेशक भी हैं। आपने टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में नामिती निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

निदेशक (वित्त) बनने की तारीख में श्री अजय चौधरी के पास कंपनी में 200 इक्विटी शेयर थे और आपका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक नहीं है।

## श्री मृत्युंजय कुमार नारायण (डीआईएनः 03426753)

### सरकारी नामिती निदेशक



श्री मृत्युंजय कुमार नारायण, दिनांक 2 सितंबर, 2019 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में सरकारी नामिती निदेशक हैं। आप उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। वर्तमान में आप विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। आपने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक और एम.टेक किया है। आपने किंग्स कॉलेज, लंदन से पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट में एमएससी और लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी भी किया है।

करीब 25 वर्षों के कैरियर में आपका उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व आप सवा दो वर्षों तक माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के सचिव रह चुके हैं। इस पद पर रहते हुए आपको राज्य में शासन के सभी कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। आपको नीति निर्माण तथा साथ ही कार्यान्वयन का भी व्यापक अनुभव है। आपने दो वर्षों से अधिक समय तक आयुक्त, वाणिज्य कर और मनोरंजन कर के पद पर कार्य किया है। इन विभागों का राज्य के राजस्व में 60 प्रतिशत से अधिक योगदान होता है। आप शासन के उच्च पदों पर उत्तर प्रदेश राज्य में सब–डिवीजनल मजिस्ट्रेट से लेकर मुख्य विकास अधिकारी, कलेक्टर से लेकर मंडल आयुक्त के पदों पर काम कर चुके हैं। आपने लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड और मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक के पद पर भी कार्य किया है। आप 28 अगस्त, 2019 से पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में और दिनांक 1 अक्टूबर, 2019 से पीटीसी इंडिया लिमिटेड में भी सरकारी नामिती निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

दिनांक 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, श्री मृत्युंजय कुमार नारायण के पास कंपनी में "शून्य" इक्विटी शेयर थे और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक नहीं है।

## श्री प्रवीण कुमार सिंह (डीआईएनः 03548218)

### नामिती निदेशक – पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड



श्री प्रवीण कुमार सिंह दिनांक 18 जून, 2019 से आरईसी के बोर्ड में पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के नामिती निदेशक हैं। आप दिनांक 10 अगस्त, 2018 से पीएफसी के बोर्ड में निदेशक (वाणिज्य) हैं। श्री सिंह को दिनांक 1 जून, 2020 से अपने वर्तमान पोर्टफोलियो के अलावा, पीएफसी में निदेशक (परियोजना) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इससे पूर्व, श्री सिंह पीएफसी में कार्यकारी निदेशक (परियोजना) थे और 24 वर्षों से पीएफसी में परियोजना प्रभाग की विभिन्न इकाईयों में कार्य कर रहे हैं। पहले आपने देश की सबसे बड़ी विद्युत उपस्कर निर्माता कंपनी भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स (भेल) में तथा इंडस्ट्री बॉडी कांफेडेरेशन ऑफ इंडिया इंडस्ट्रीज (सीआईआई) में भी 9 वर्षों से अधिक समय तक कार्य किया था।

श्री सिंह ने आईआईटी–बीएचयू से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक और आईआईटी, दिल्ली से ऊर्जा पर्यावरण प्रबंधन में एम.टेक किया था। आपने, बेयर कॉलेज ऑफ बिजनेस, ह्यूस्टन यूनिवर्सिटी, यूएसए से "ग्लोबल एनर्जी एमबीए प्रोग्राम" भी किया है। श्री सिंह, भारत सरकार की विभिन्न समितियों में पीएफसी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप, पीएफसी कंसल्टेंसी लिमिटेड के बोर्ड और यूएमपीपी के कार्यान्वयन के लिए गठित एसपीवी में निदेशक के पद पर भी कार्यरत हैं।

दिनांक 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, श्री प्रवीण कुमार सिंह के पास कंपनी में 40 इक्विटी शेयर थे और आपका कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई पारस्परिक नहीं है।